आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- जी एस टी परिषद की छप्पनवीं बैठक शुरू–दिवाली से पहले हो सकते है, जी एस टी दरों में बड़े बदलाव।
- नए आयकर अधिनियम में ऐतिहासिक बदलाव से सरल डिजीटल और पारदर्शी कर प्रणाली की शुरूआत होगी।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लिटिल अंडमान में विकास कार्यों को गति देने के लिए पत्थर खदानें खोलने की मांग की।
- अंडमान निकोबार कमान द्वारा सृजन शक्ति प्रदर्शनी में रचनात्मकता और कौशल का संगम होगा। द्वीपवासियों के लिए खरीददारी का अनूठा अवसर।

<><><><><><><>

जी.एस.टी परिषद की छप्पनवीं बैठक नई दिल्ली में चल रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन इस दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। परिषद द्वारा भारत के अगली पीढ़ी के जी.एस.टी सुधारों पर विचार–विमर्श किए जाने की उम्मीद है। इसमें कर दरों को युक्तिसंगत और अनुपालन को सरल बनाना शामिल है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और दिल्ली, गोवा, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, मेघालय तथा ओडिशा के मुख्यमंत्री बैठक में शामिल हैं। अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के उप–मुख्यमंत्री, मणिपुर के राज्यपाल तथा कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री भी बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित जी.एस.टी क्षेत्र में बड़े सुधारों का समर्थन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में जी.एस.टी के अंतर्गत अगली पीढ़ी के सुधारों के महत्व पर ज़ोर दिया था। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए, केंद्र सरकार ने पिछले महीने हुई मंत्रि समूह की बैठक में जी.एस.टी में महत्वपूर्ण सुधारों का प्रस्ताव रखा था।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने आयकर अधिनियम, दो हजार पच्चीस को लागू करने का निर्णय लिया है, जो एक अप्रैल, दो हजार छब्बीस से प्रभावी होगा। इस नए अधिनियम का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाना है। इसमें पुराने जटिल प्रावधानों को हटाकर नई, सरल भाषा का उपयोग किया गया है, जिससे करदाताओं को समझने में आसानी होगी। नए अधिनियम में "कर वर्ष" की अवधारणा का परिचय दिया गया है, जिससे कर दाखिल करने में स्पष्टता आएगी। इसके साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से फेसलेस मूल्यांकन और अन्य प्रक्रियाओं को अपनाया गया है, जिससे भ्रष्टाचार कम होगा और सेवाएं त्वरित होंगी। नए कानून में वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों को भी शामिल किया गया है, ताकि समकालीन आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप कराधान प्रणाली हो। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य करदाताओं के लिए एक सरल, डिजिटल और विवाद–मुक्त प्रणाली स्थापित करना है।

<><><><><><><>

भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष अनूप कुमार दत्ता की अध्यक्षता में विश्वकर्मा ऑटो चालक संघ का पुनर्गठन किया गया। राज्य कार्यालय में आयोजित त्रिपक्षीय सम्मेलन में ऑटो चालकों के अधिकारों की रक्षा और कल्याण के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई। नए पदाधिकारियों में संजय दास को अध्यक्ष चुना गया है। इस पुनर्गठन से ऑटो चालकों को बेहतर कामकाजी माहौल और सार्वजनिक परिवहन में सुधार की उम्मीद है।

<><><><><><><>

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में, शिक्षा निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए खेल गतिविधियों का आयोजन किया। नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में मुख्य शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी ज्ञान शील दुबे ने उद्घाटन किया और खेल भावना के महत्व पर जोर दिया। बैडमिंटन युगल पुरुष में नकुल दत्ता और जेनपियर ने जीत हासिल की, जबकि महिला टेबल टेनिस डबल्स में मीना

तिवारी और नीति बिस्वास विजेता बनीं। कल भी रोमांचक प्रतियोगिताएँ जारी रहेंगी, जिनमें महिला बैडमिंटन डबल्स, पुरुष टेबल टेनिस, सौ मीटर स्प्रिंट और रस्साकशी की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। प्रशासनिक कारणों से, शतरंज टूर्नामेंट अब टीचर्स होम में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद ने भागीदारों की सराहना की।

<><><><><><>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने लिटिल अंडमान में विकास कार्यों को गति देने के लिए पत्थर खदानें शीघ्र खोलने की मांग की। लिटिल अंडमान में निर्माण कार्यों को गति देने के लिए पत्थर खदानों को खोलने की मांग की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने इस संबंध में दक्षिण अंडमान के उपायुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पत्थर उत्पादों की कमी के कारण विकास कार्यों में रुकावट आ रही है, जबकि सरकारी एजेंसियों के पास पर्याप्त धन उपलब्ध है। उपायुक्त ने इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है और खदानों को जल्द से जल्द खोलने का निर्णय लिया है।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार कमान का रक्षा पत्नी कल्याण संघ छह सितंबर को टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज के सामुदायिक भवन में एक प्रदर्शनी–सह–बिक्री का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में रक्षा कर्मियों की पत्नियाँ अपनी रचनात्मकता, कौशल और उद्यमिता को प्रदर्शित करेंगी। प्रदर्शनी में फैशन परिधान, आभूषण, पोस्टकार्ड और अन्य अनूठी वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना है, बल्कि महिलाओं के उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना भी है। यह आयोजन सभी द्वीपवासियों के लिए खुला रहेगा, और एक साथ खरीदारी, आनंद और उत्सव मनाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। डी.डब्ल्यू.डब्ल्यू.ए की यह पहल रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><>

लिटिल अंडमान के नेताजी नगर पंचायत हॉल में "विश्व नारियल दिवस" धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम "नारियल की शक्ति को उजागर करना, वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करना" था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस. परमनाथन, प्रमुख, पंचायत समिति, लिटिल अंडमान ने किया। हटबे के प्रधान के. रुद्रमूर्ति ने नारियल की भूमिका को सुनामी के समय में महत्वपूर्ण बताया, वहीं नेताजी नगर के प्रधान विद्युत रॉय ने नारियल को "जीवन का वृक्ष" करार दिया।

<><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने पिछले दिनों 'मादक द्रव्य एवं नशीली दवाओं का दुरुपयोग और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व' विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया। सत्र के मुख्य वक्ता, डॉ. आनंद लिंगेश्वर, मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष, एनिम्स, ने नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों और इसके लिए व्यक्तिगत प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा उन्नीस से इक्कीस सितंबर तक नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, श्री विजयपुरम में दक्षिण अंडमान जिला एथलेटिक मीट – दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता स्कूली छात्रों और अठारह वर्ष से ऊपर के ओपन श्रेणी के पुरुष एवं महिलाओं के लिए आयोजित की जाएगी। प्रतिभागी पंजीकरण के लिए पन्द्रह सितंबर तक सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं। स्कूल के छात्रों को पहचान पत्र और ओपन श्रेणी के प्रतिभागियों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। विजेताओं को पदक और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए अपनी क्रेडिट ट्रांसफर नीति में संशोधन किया है। अब, छात्रों को पाठ्यक्रम पूरा करने का अवसर प्रवेश की वैधता समाप्त होने के बाद भी मिलेगा, बशर्ते अर्जित क्रेडिट की शेल्फ लाइफ सात वर्ष हो। यह नीति विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रमों पर लागू होगी। जुलाई दो हजार पच्चीस के लिए प्रवेश की प्रक्रिया जारी है और अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू की वेबसाइट पर जाएं।

<><><><><><>